# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- nssrmpssuniversity@gmail.com , Contact No. 7302632933


पत्रांकः— 31 / रा0से0यो0 / आर0एम0पी0यू0 / 2022—23 दिनांकः— 29 अक्टूबर, 2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त राजकीय / अशासकीय / स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।

विषयः— राष्ट्रीय एकता दिवस (31 अक्टूबर, 2022) के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक में विशेष कार्यधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी के नत्र संख्या 316 / सत्तर— रा० से०यो० को०—2002 दिनांक 28 अक्टूबर, 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में यह कहने का निर्देश हुआ है, के समस्त इकाइयों के स्वयं सेवक—सेविकाओं के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई को बैनर सहित 500 मीटर से 1 किलोमीटर तक रन फॉर यूनिटी आयोजित करनी है कार्यक्रम के अन्त में शपथ दिलाई जानी है। भारत सरकार की गाइड लाइन तथा दिशा निर्देशों के अनुसार कार्यक्रम आयोजित कराने का कष्ट करें तथा आख्या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को संलग्न प्रपत्र पर एक्शन फ़ोटोग्राफ़ एवं वीडियो क्लिपिगं सहित विश्वविद्यालय कि ई—मेल nssrmpssuniversity@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा आयोजित कार्यक्रमों को सोशल मीडिया, ट्विटर एवं फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि पर अपलोड अवश्य करें।

भवदीया

डॉ0 नीता वार्ष्णेय
समन्वयक
आर0एम0पी0एस0एस0यू0
अलीगढ़

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. कुलसचिव, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना उ0प्र0 लखनऊ।
4. राज्य सम्पर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना (प्रकोष्ठ) उच्च शिक्षा विभाग उ0प्र0 शासन।

डॉ0 नीता वार्ष्णेय
समन्वयक
आर0एम0पी0एस0एस0यू0
अलीगढ़

संख्या–318 / सत्तर–रा0से0यो0को0–2022

प्रेषक,

डॉ0 सुनीता गुप्ता,
विशेष कार्याधिकारी एवं,
राज्य सम्पर्क अधिकारी,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1– कार्यक्रम समन्वयक,
एन0एस0एस0 से सम्बन्धित समस्त विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
2– उप शिक्षा निदेशक, (माध्यमिक) मण्डल
एन0एस0एस0 से सम्बन्धित समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक) विभाग     लखनऊ: दिनांक 28 अक्टूबर, 2022

विषयः– राष्ट्रीय एकता दिवस (31 अक्टूबर, 2022) के उपलक्ष्य में दिनांक–25 से 31 अक्टूबर, 2022 तक 01 सप्ताह के कार्यक्रम आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मत्रालय अलीगंज लखनऊ के ई–मेल पत्र संख्या–15–1 / रासेयो / क्षेनि / लख / 2022–23 दिनांक–26.10.2022 एवं अवर सचिव, भारत सरकार: युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्र संख्या–A-12041 / 15 / 2022–NSS दिनांक–21.10.2022 और भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय मूतल, एनेयसी बिल्डिंग, शिवाजी स्टेडियम, नई दिल्ली के पत्र संख्या–24–1 / एन0एस0एस0 / डीटीई / 2022 / 1184–1236 दिनांक–27.10.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से समस्त कार्यक्रम समन्वयक, एवं उप शिक्षा निदेशक, (माध्यमिक) मण्डल एन0एस0एस0 से सम्बन्धित समस्त विश्वविद्यालय / मण्डल उत्तर प्रदेश को एन0एस0एस0 की समस्त इकाईयों के स्वयंसेवक–स्वयंसेविकाओं के माध्यम से भारत सरकार, की गाइड–लाइन तथा दिशा–निर्देशों के अनुरूप दिनांक–25 से 31 अक्टूबर, 2022 तक सरदार वल्लभ भाई पटेल जी पर आधारित 01 सप्ताह के कार्यक्रम आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

2– उक्त के परिप्रेक्ष्य में संस्कृत मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा यूनिटी रन में प्रतिभागिता करने वाले प्रतिभागियों की सेल्फी अपलोड करने हेतु वेब लिंक https://ektadivas.in एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल पर आधारित डिजल प्रदर्शनी वेब लिंक https://amritmahotsav.nic.in/unity-festival.htm पर आयोजित की गयी है। जिसके माध्यम से जन भागीदारी हेतु अधिक से अधिक लोगों तक प्रचारित एवं प्रसारित कराना सुनिश्चित करें।

3– अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि समस्त कार्यक्रम समन्वयक, एवं उप शिक्षा निदेशक, (माध्यमिक) मण्डल एन0एस0एस0 से सम्बन्धित समस्त विश्वविद्यालय / मण्डल उत्तर प्रदेश को एन0एस0एस0 की समस्त इकाईयों के स्वयंसेवक–स्वयंसेविकाओं के माध्यम से प्रत्येक राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई को बैनर सहित 500 से 1 किलोमीटर तक रन फार यूनिटी आयोजित करनी है, कार्यक्रम के अंत में या आरंभ में शपथ दिलाई जानी है। दौड का आरंभ और अंतिग स्थान गूगल शीट पर भरकर भेज दें। भारत सरकार, की गाइड–लाइन तथा दिशा–निर्देशों के अनुरूप दिनांक–25 से 31 अक्टूबर, 2022 तक सरदार वल्लभ भाई पटेल जी पर आधारित 01 सप्ताह के कार्यक्रम आयोजन के कार्यक्रम आयोजित कराने का कष्ट करें तथा आख्या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को संलग्न प्रपत्र पर एक्शन फोटोग्राफ एवं वीडियो क्लिपिंग सहित इसकी सूचना भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय लखनऊ के ई–मेल–nssrclucknow@yahoo.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, तथा आयोजित

कार्यक्रमों को सोशल मीडिया ट्विटर एवं फेसबुक, इन्स्टाग्राम एकाउन्ट पर भी अपलोड करने के साथ शासन के ई मेल-snoupnss@gmail.com पर भेज दें।
संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

डॉ0 (सुनीता गुप्ता)
विशेष कार्याधिकारी एवं
राज्य सम्पर्क अधिकारी।

**संख्या–316(1)/सत्तर–रा0से0यो0को0–2022–तद्‌दिनांक।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत।

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव को प्रमुख सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
2. निजी सचिव, विशेष सचिव को विशेष सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
3. अवर सचिव, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
4. क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय, हाल नं0–1 आठवां तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर–एच0 अलीगंज, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

डॉ0 (सुनीता गुप्ता)
विशेष कार्याधिकारी एवं
राज्य सम्पर्क अधिकारी।

।मेत शाह

गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री
भारत सरकार

अ.शा.पत्र सं. I-19034/01/2022 एनआई-II
दिनांक: 17अक्तूबर, 2022

श्री अनुराग सिंह ठाकुर जी,

प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में पूरे देश में बड़े उत्साह के साथ मनायी जाती है। यह अवसर हमें राष्ट्र की सुरक्षा, एकता और अखंडता को मज़बूत करने की अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने का एक उत्तम अवसर प्रदान करता है।

इस वर्ष भी 31 अक्टूबर, 2022 को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, केवड़िया, गुजरात में देश के सभी क्षेत्रों के पुलिस बल और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की भागीदारी के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देशवासियों की ओर से सरदार पटेल की प्रतिमा की 'पद पूजा' के साथ उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, यह भी निर्णय लिया गया है कि राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर देश के 750 जिलों में शिक्षा एवं खेल मंत्रालय के माध्यम से समाज के सभी वर्गों के लोगों को शामिल करते हुए 75,000 एकता दौड़ (Unity Run) आयोजित की जाएंगी। इससे राष्ट्रीय एकता और 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' की भावना का सन्देश पूरे देश में प्रसारित करने में मदद मिलेगी। 75,000 एकता दौड़ (Unity Run) के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश के प्रत्येक जिले में कम-से-कम 100 एकता दौड़ (Unity Run) के आयोजन करने होंगें। इसके साथ ही दिल्ली में भी एकता दौड़ (Unity Run) का आयोजन किया जाएगा।

हमारी स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, पूरे देश के कारागृहों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए और इन कार्यक्रमों में कैदियों ने काफी उत्साह से भाग लिया। इसलिए मेरा सुझाव है कि इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता को केन्द्र में रखकर कारागृहों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

लगातार...2/-

31 अक्टूबर, 2022 को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने हेतु मैं आपसे अपने प्रशासन को उचित निर्देश और मार्गदर्शन देने का आग्रह करता हूँ। राष्ट्रीय एकता दिवस 2022 को पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाने हेतु निम्नलिखित कार्यक्रमों के साथ-साथ अन्य उपयुक्त कार्यक्रम भी आयोजित किए जा सकते हैं:-

i. राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाए। राष्ट्रीय एकता दिवस प्रतिज्ञा का पाठ संलग्न है।

ii. एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए, जहां भी संभव हो, राज्य पुलिस और अन्य वर्दीधारी बलों या इकाइयों और अन्य एजेंसियों द्वारा मार्च पास्ट का आयोजन किया जाए।

iii. प्रत्येक जिले में कम-से-कम 100 एकता दौड़ (Unity Run) के आयोजन किए जाएं।

iv. कारागृहों में राष्ट्रीय एकता को केंद्र में रखकर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम सब साथ मिलकर अपने देश को और भी अधिक ऊँचाइयों तक ले जा सकते हैं। मैं, राष्ट्रीय एकता दिवस को पूरे जोश और उत्साह के साथ भव्य तरीके से मनाए जाने हेतु आपसे अनुरोध करता हूँ।

**सादर,**

आपका,

**(अमित शाह)**

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर,**
सूचना और प्रसारण मंत्री और युवक कार्यक्रम और खेल मंत्री,
भारत सरकार,
ए-विंग, शास्त्री भवन,
नई दिल्ली - 110 001

## राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ

मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।

## RASHTRIYA EKTA DIWAS PLEDGE

I solemnly pledge that I dedicate myself to preserve the unity, integrity and security of the nation and also strive hard to spread this message among my fellow countrymen. I take this pledge in the spirit of unification of my country which was made possible by the vision and actions of Sardar Vallabhbhai Patel. I also solemnly resolve to make my own contribution to ensure internal security of my country.